# महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी0जी0) कॉलेज, फिरोजाबाद

## एक्टिविटी क्लब - वार्षिक आख्या

## सत्र 2023-24

डॉ0 अन्जु शर्मा

(प्राचार्या)

शवनम

(एक्टिविटी क्लब प्रभारी)

क्रम सं0 1

Scanned with OKEN Scanner

# एक्टिविटी क्लब


## सत्र : 2023-24

## *<u>रिपोर्ट</u>*

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन हेतु महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी0जी0) कॉलेज फिरोजाबाद में स्थापित एक्टिविटी क्लब के अन्तर्गत सत्र 2023-24 के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा उपलब्ध कराई गई संकलित रिपोर्ट के अनुसार महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है-

**शारीरिक शिक्षा और खेल विभाग**

1. शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा समग्र कल्याण की संस्कृति को बढ़ावा देने, समग्र स्वास्थ्य के लिये दैनिक जीवन में योग को शामिल करने के महत्व के उद्देश्य से दिनांक 5 दिसम्बर 2023 से 9 दिसम्बर 2023 तक 'स्वस्थ जीवन शैली के लिये योग' विषय पर पाँच दिवसीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। आयोजन सचिव शारीरिक शिक्षा की सहायक प्रोफेसर डॉ0 अमृता सिंह रहीं।




क्रम सं0 2

2. महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा दिनांक 19-20 मार्च 2024 को वार्षिक खेल दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजिका शारीरिक शिक्षा विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ0 अमृता सिंह रही। कार्यक्रम में निम्न प्रतियोगिताएँ करायी गई।




3. 19 मार्च 2024- कबड्डी, शतरंज, योग, बोरी दौड़, रस्साकसी, नींबू और चम्मच दौड़।
4. 20 मार्च 2024 - योग, शतरंज।

पुरस्कार विजेता

- बोरी दौड़ : आशा
- शतरंज : साक्षी
- योग : राखी और टीम बी
- कबड्डी : टीम बी
- रस्साकसी : सिदरा और टीम
- नींबू और चम्मच : कल्पना यादव



Scanned with OKEN Scanner

इस प्रकार उक्त आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में छात्राओं की प्रतिभागिता सराहनीय रही।

रेंजर्स

महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी0जी0) कॉलेज फिरोजाबाद में दिनांक 12 मार्च 2024 से 14 मार्च 2024 तक डॉ0 अंकिता ठाकुर के निर्देशन में रेन्जर्स का तीन दिवसीय प्रवेश जाँच शिविर लगाया गया। जिसमें कुल 26 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय स्तर पर ऐन्जर्स की छात्राओं ने तम्बू निर्माण प्रतियोगिता, भोजन प्रतियोगिता, पोस्टर मतदाता प्रतियोगिता (महिला सशक्तिकरण विषय पर आधारित), वाक शक्ति प्रतियोगिता एवं मतदाता जागरूकता रैली में प्रतिभाग किया गया।




**N.S.S**

- दिनांक 20 जुलाई को महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी0जी0) कॉलेज फिरोजाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना और हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 17.07.2023 से 31.07.2023 तक 'सड़क सुरक्षा पखवाड़ा' मनाया गया। जिसके अन्तर्गत छात्राओं को यातायात नियमों के विषय में जागरूक किया गया।
- दिनांक 22.07.2023 को वृक्षारोपण कार्यक्रम 26.07.2023 को आपातकालीन पुलिस सेवा 112 के सन्दर्भ में जन जागरूकता कार्यक्रमा का आयोजन किया गया।



Scanned with OKEN Scanner

- N.S.S के अन्तर्गत दिनांक 12.08.2023 मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वयं सेविकाओं ने महिला स्वतन्त्रता सेनानियों की वेशभूषा धारण करते हुए उनकी यादों को पुनः जीवन्त किया।
- दिनांक 16 अगस्त 2023 को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 1 अक्टूबर 2023 को स्वैच्छिक रक्तदान दिवस अमर उजाला फाउण्डेशन मेडिकल कॉलेज में शिविर का आयोजन हुआ जिसमें महाविद्यालय की N.S.S कार्यक्रम कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 सन्ध्या द्विवेदी के साथ-साथ स्वयं सेविका निशा चतुर्वेदी, प्रिया, रेनू आदि ने भी रक्तदान महादान किया।
- दिनांक 31 अक्टूबर 2023 को सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयन्ती के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ कार्यक्रम का आयोजन व दिनांक 17.11.2023 को आपरेशन जाग्रति कार्यक्रम में छात्राओं को महिलाओं के प्रति होने वाले अपराधों की विविधता में विस्तृत जानकारी व 112, 1090 पुलिस हेल्प लाइन की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गयी।




- दिनांक 22 नवम्बर 2023 को N.S.S की प्रथम कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 प्रिया सिंह के संयोजन में क्विज और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन 'सड़क सुरक्षा व यातायात के नियम' शीर्षक पर किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर कोमल (बी0ए0



Scanned with OKEN Scanner

पंचम सेमेस्टर), द्वितीय स्थान कोमल (बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर), तृतीय स्थान प्रतीक्षा (बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर) विजेता रही। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कोमल गुप्ता (बी0ए0 तृतीय सेमेस्टर), द्वितीय स्थान रंजक पाठक (बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर), तृतीय स्थान डॉली राठौर व सना मतीन (बी0ए0 प्रथम सेमेस्टर) ने प्राप्त किया। N.S.S के अन्तर्गत स्वामी विवेकानन्द जयन्ती और राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर ई-क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया साथ ही My Bharat Portal पर पंजीकरण हेतु एक दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया।



- दिनांक 29 जनवरी 2024 को हैल्थ चैकअप कैम्प का आयोजन N.S.S व इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन फिरोजाबाद के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। जिसके अन्तर्गत दिनचर्या में फॉस्टफूड से परहेज करने, ब्लड टेस्ट, बी.पी. टेस्ट एवं आयरन की गोलियों का वितरण भी किया गया। इसमें 100 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।





Scanned with OKEN Scanner

- दिनांक 06 फरवरी 2024 को N.S.S. द्वारा जिला कारागार फिरोजाबाद में कम्बल वितरण कार्यक्रम में जिला कारागार में स्वच्छता अभियान व कैदियों को कम्बल वितरण किया गया। जिसमें महिला कैदियों के जीवन अनुभव को स्वयं सेविकाओं को नजदीक से देखने का अवसर प्राप्त हुआ।



- राष्ट्रीय सेवा योजना के चार, एक दिवसीय शिविर का आयोजन क्रमशः दिनांक 16.01.24, 20.01.24, 03.02.2024 एवं 21.03.2024 को किया गया प्रथम एक दिवसीय शिविर में हुनर हाट और मतदाता जागरूकता अभियान द्वितीय में स्वच्छता अभियान और मतदाता जागरूकता कार्यक्रम तृतीय में मुस्करायेगा इण्डिया/मानसिक स्वास्थ्य/मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अन्तिम व चतुर्थ में मतदाता जागरूकता अभियान व ताइक्वाण्डो प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



Scanned with OKEN Scanner





- इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय सेवा योजनां की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन 12 मार्च 2024 से 18 मार्च 2024 तक दौलतपुर गाँव में किया गया। जिसके अन्तगर्त मौखिक क्विज प्रतियोगिता, मतदाता जागरूकता अभियान, रोजगार काउन्सलिंग, पोषण मेला और देशज संस्कृति की ओर वापसी, बापू बाजार, आपदा प्रबन्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम कराये गए। बापू बाजार से प्राप्त धन राशि से प्राथमिक विद्यालय दौलतपुर को दो टेबिल प्रदान की गई।
- N.S.S Vद्वारा दिनांक 14 अप्रैल 2024 को डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती के अवसर पर ई-क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें 257 छात्राओं ने प्रतियोगिता किया।





Scanned with OKEN Scanner

- N.S.S द्वारा दिनांक 12 दिसम्बर 2023 से 05.04.2024 के मध्य मतदाता जागरूकता से सम्बन्धित व्याख्यान, रैली, स्लोगन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, रंगोली, लोक नृत्य प्रस्तुति कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।






- महाविद्यालय में दिनांक 22 दिसम्बर 2023 को स्मार्टफोन वितरण समारोह आयोजित हुआ जिसमें N.S.S की स्वयं सेविकाओं ने प्रबन्धन में अपनी भूमिका दी।




- राष्ट्रीय संगोष्ठी- दिनांक 09 व 10 मार्च 2024 को महाम्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी0जी0) कॉलेज फिरोजाबाद के हिन्दी विभाग और उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हिन्दी विभाग की अस्सिटेन्ट प्रोफेसर डॉ0 संध्या द्विवेदी



Scanned with OKEN Scanner

के संयोजन में किया गया। राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय 'गुरूमति साहित्य में उत्तर प्रदेश के सन्त कवियों का योगदान रहा। इस संगोष्ठी का उद्देश्य छात्राओं को गुरूमति साहित्य के अर्थ से अवगत कराने व गुरूमति साहित्य में उत्तर प्रदेश के सन्त कवियों के योगदान से परिचित कराना था।




## सांस्कृतिक समिति

महात्मा गॉधी बालिका विद्यालय (पी0जी0) कॉलेज फिरोजाबाद में अध्यनरत छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु प्राचार्या डॉ0 अंजू शर्मा के मार्ग दर्शन में अनेक कार्यक्रमों और गतिविधियों का आयोजन किया गया जिससे छात्राऐं शिक्षा ग्रहण के साथ ही अनुशासन, राष्ट्रीय भावनाओं, सांस्कृतिक तथा सामाजिक व्यवहार की सकारात्मकता से भली-भांति परिचित हो तथा उनका अनुकरण करें।

सर्व प्रथम स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर राष्ट्र गौरव का प्रतीक भारत ध्वज की शान में राष्ट्र के शहीदों को स्मरण करते हुए सारिता यादव, नम्रता, निधि शर्मा, वर्षा गुप्ता, कोमल शर्मा, ड्रीम गोला तथा हिमानी गुप्ता ने देश भक्ति गीतों का प्रस्तुतिकरण किया। गीत के बोल थे 'आज का दिन है भारत की आजादी का' तथा 'लक्ष्य' न ओझल होने पाय'- कमद बढ़ा कर चल।



Scanned with OKEN Scanner




गॉधी जयन्ती के पावन अवसर पर वर्षा गुप्ता, सारिता यादव, निधि शर्मा और हिमानी गुप्ता ने गॉधी जी के पसन्दीदा भजन 'अल्ला तेरो नाम, ईश्वर तेरो नाम' की सुन्दर प्रस्तुति दी। संवेदना दुवे, साक्षी दुबे, कोमल एवं प्रतीक्षा ने 'रामचंद कृपालु भजमन' स्तुति पर भरतनाट्यम नृत्य की आकर्षक भक्तिमय प्रस्तुति दी।



राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर हिमानी गुप्ता, ड्रीम गोला, वर्षा गुप्ता, निधि शर्मा तथा नम्रता और सारिता यादव ने कहा झण्डा गीत-'विजय विश्व तिरंगा प्यारा' तथा पूर्ण राष्ट्रीय गीत 'वन्दे मातरम्' ओजपूर्ण प्रस्तुति दी। गायन तथा नृत्य के सभी का



Scanned with OKEN Scanner

निर्देशन व संयोजन सांस्कृतिक प्रभारी डॉ0 निष्ठा शर्मा (अ0प्रो0 संगीत गायन) द्वारा किया गया।




आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत आयोजित किये गये कार्यक्रम

- वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा दिनांक 31.10.2023 को एक कार्यक्रम (निबन्ध प्रतियोगिता) का आयोजन किया गया। जिसका विषय ''पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भूमिका'' रहा। इस कार्यक्रम में 29 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ0 दीपांशी जयसवाल रही।
- समाजशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 16.08.2023 को 'मेरी माटी मेरा देश' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता को आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 16 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 निशा द्वारा किया। कार्यक्रम में प्रथम स्थान ममता (बी0ए0 द्वितीय सेमेस्टर) द्वितीय स्थान गुलफ्सा (बी0ए0 चतुर्थ



Scanned with OKEN Scanner

सेमेस्टर) एवं तृतीय स्थान निकिता श्रीवास्तव (बी0ए0 चतुर्थ सेमेस्टर) ने प्राप्त किया।

डॉ0 अन्जु शर्मा

प्राचार्या

शवनम

को-ऑर्डिनेटर

एक्टिविटी क्लब



Scanned with OKEN Scanner